**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 10 अक्तूबर 2023** **समय 1305**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम साढ़े 4 बजे नई दिल्ली में, एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल के खिलाड़ियों से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित भी करेंगे। इस दौरान श्री मोदी, एशियाई खेलों में असाधारण उपलब्धि के लिए एथलीटों की सराहना करेंगे और भविष्य में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए उनका उत्साहवर्धन करेंगे।

कार्यक्रम में एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल के एथलीट, उनके प्रशिक्षक, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे।

..............................................................

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि किसान वर्ग को कृषि के साथ-साथ इससे संबंधित अन्य व्यवसाय अपनाने होंगे और वर्तमान समय के अनुरूप अपने उत्पादों की बिक्री करनी होगी। इससे उनकी आय में वृद्धि होने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

कृषि मंत्री कल हिसार में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृषि विकास मेले के दूसरे दिन बतौर मुख्यातिथि किसानों को संबोधित कर रहे थे। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा एवं फतेहाबाद के विधायक दुड़ा राम ने भी मेले में शिरकत की और किसानों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

श्री दलाल ने कहा कि राज्य सरकार कृषि मेले को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि छोटी हो चुकी जोत के लिए आधुनिक तकनीक, आधुनिक बीज व विधियों से ही उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। 400-500 एकड़ का एक क्लस्टर बनाकर खेती करने से खर्च घटेगा और फसल उत्पादों के उच्च दाम भी मिलेगें। उन्होंने बताया कि मेले से अभी तक लगभग 14 हजार किसानों द्वारा गेहूं, सरसों व अन्य फसलों के उच्च किस्म के बीजों की खरीद की गई है।

कृषि मेले में पशुपालन, बागवानी, मछली पालन, खारे पानी में झींगा उत्पादन, प्राकृतिक व जैविक खेती, सब्जी, मशरूम व मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में अलग-अलग राज्यों व जिलों के सफल किसानों को सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने कहा कि वर्तमान समय में किसान पुत्रों को नौकरी का लालच छोडक़र कृषि उत्पादों से संबंधित व्यापार व नई तकनीकों को सीखना होगा।

...........................................................

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले से अधिसूचित छह एन डी पी एस फास्ट ट्रैक कोर्ट और एक संचालित फास्ट ट्रैक कोर्ट के अलावा चार अतिरिक्त एन डी पी एस फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना करने का कार्य शुरू कर दिया है। ये अदालतें राज्य के अंदर स्वापक औषधियों और नशीले पदार्थों से संबंधित मामलों के समाधान में बहुत तेजी लाएंगी, जिससे कानूनी कार्यवाही दक्षता में भी वृद्धि होगी।

केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में स्वापक समन्वय केंद्र की छठी शीर्ष समिति की बैठक में वर्चुअल रूप से भाग लेने के बाद श्री कौशल ने कहा कि राज्य सरकार ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए संस्थागत पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने हेतु एक सलाहकार बोर्ड की स्थापना भी की है। इसके अतिरिक्त उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए फोरेंसिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाए गए हैं।

...................................................................

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:-

भारत छोड़ो आंदोलन के अंतिम चरण में फाँसी की सज़ा पाने वाले एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी का क्या नाम था?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:-

भारत छोड़ो आंदोलन के अंतिम चरण में फाँसी की सज़ा पाने वाले एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी का क्या नाम था?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:-

लखनऊ में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व महिला स्वतंत्रता सेनानी बेग़म हज़रत महल ने किया।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारे विजेता हैं:-

मध्यप्रदेश के ग्वालियर से आदित्य तिवाड़ी।

...................................................................

हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा, कालका, नानकपूर, पिंजौर , परवाणु, बददी व नालागढ क्षेत्र में डेंगू की रोकथाम के मद्देनज़र पंचकूला के सिविल सर्जन के कार्यालय में जिला सोलन के अधिकारियों के साथ अंर्तसीमा बैठक आयोजित की गई।

पंचकूला की सिविल सर्जन डॉ. मुक्ता कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य डेंगू बुखार से बचाव हेतु की जा रही गतिविधियों को आपस में साझा करके साथ लगते क्षेत्र में मिल कर एक ही समय में रोकथाम के उपाय करना है। ताकि डेंगू को फैलने से रोका जा सके।

पंचकूला के जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर सुरेश भौसले ने बताया कि कालका, पिंजौर व नानकपूर क्षेत्र का अग्रिम सूक्ष्म योजना बनाकर 29 टीमों द्वारा रोजाना पानी के कन्टेनर चैक किये जा रहे हैं और नोटिस भी दिये जा चुके हैं। अब तक 14 हजार से भी ज्यादा नोटिस दिये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि अब तक जिला पंचकूला में डेंगू के 343 मामले सामने आये है।

......................................................................